





# बिजोरभील पंचायत में भ्रष्टाचार का 'खेला'

## सरपंच सचिव की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, वहीं खंडवा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजोरभील में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की एक अलग ही दास्तां लिखी जा रही है। ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच और सचिव पर शासकीय योजनाओं में भारी गड़बड़ी और पट्टेदारों की जमीन पर अवैध खनन कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हालात यह हैं कि जिला प्रशासन को शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर हताश ग्रामीणों को अब विधायक कंचन तनवे की शरण लेनी पड़ी है।



**मनरेगा में मशीनों का राज, मजदूरों के हक पर डाका :** ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में ग्रामीणों को रोजगार देना है, लेकिन बिजोराभील में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि पंचायत में रोजगार कार्यों के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

**फर्जी मस्टर रोल:** आरोप है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से कागजों पर कार्य दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई, जबकि जमीनी स्तर पर काम हुआ ही नहीं।

**पात्र हितग्राही वंचित:** जिन ग्रामीणों के पास जॉबकार्ड हैं और जो काम करने के इच्छुक हैं, उन्हें रोजगार से वंचित रखा जा रहा है।

जेसीबी से कार्य- नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनरेगा के कार्य मजदूरों की बजाय जेसीबी मशीनों से कराए जा रहे हैं, जबकि गांव में मजदूरों की कोई कमी नहीं है। यह सीधा-सीधा गरीब मजदूरों के पेट पर लात मारने जैसा है।

**पट्टेदारों की जमीन पर अवैध खनन का खेल :** भ्रष्टाचार का दायरा केवल मनरेगा तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव ने बाहरी माफियाओं के साथ सांठगांठ कर पट्टेदारों की कृषि भूमि पर अवैध मुरुम और मिट्टी खनन की खुली छूट दे रखी है। इस अवैध उत्खनन के कारण खेतों की उपजाऊ मिट्टी नष्ट हो रही है, ग्रामीणों द्वारा कई बार आपत्ति जताने के बाद भी खनन माफियाओं और पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी बदस्तूर जारी है। ग्राम के नरोत्तम, रामलाल, कोकिला बाई, छोगालाल, मीराबाई सहित अन्य लोगों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में जिला प्रशासन के समक्ष भी साक्ष्य सहित शिकायत दर्ज कराई थी। उम्मीद थी कि उच्च अधिकारी संज्ञान लेंगे, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।

**अब विधायक से न्याय की गुहार :** प्रशासनिक तंत्र से निराश होकर आज बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक कंचन तनवे के निवास पहुंचे। उन्होंने विधायक को अपनी व्यथा सुनाते हुए दस्तावेजों के साथ शिकायत सौंपी। अब देखना यह होगा कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद भ्रष्टाचारियों पर कोई गाज गिरती है, या फिर यह जांच भी फाइलों में दफन हो कर रह जाएगी।

## एमके प्राइड स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एमके प्राइड स्कूल के वार्षिक उत्सव के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि अब शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। दुर्गम क्षेत्र में इस तरह का उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान स्थापित होना सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लड़कियों के लिए यहां उपलब्ध बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के कारण अब उन्हें शिक्षा के लिए दूसरे शहर जाने की आवश्यकता नहीं है। श्री सिंह ने पुन: विद्यालय आकर विद्यार्थियों से संवाद करने की बात भी कही।




एसडीएम श्री सिंह ने बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखा और कम उम्र में मंच से दी गई प्रभावशाली प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वच्छता, मोबाइल की बढ़ती लत और यातायात सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रस्तुत नाटकों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रसिद्ध शायर सुफियान काजी की शायरी ने समां बांधा, वहीं निमाड़ी कवि सुनील उपमन्यु, संतोष चौरे एवं दीपक चाकरे की कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की संचालिका रक्षी मसूद ने अतिथियों का शाल-श्रीफल से स्वागत किया तथा मुस्कान मसूद ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर प्रोफेसर पंडित, लुक़मान मसूद, कृष्ण सिसोदिया, प्रमोद डेविड, एहतेशाम शेख, इब्राहिम सहित संस्था का स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु. रबाब रुमालिवाला ने किया।

## समीक्षा बैठक में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

### बगिया में पौधे नहीं मिले तो होगी वसूली



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के तेवर सख्त नजर आए। शासकीय योजनाओं में लापरवाही और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न मिलने पर कलेक्टर ने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी। बैठक में कार्य में लापरवाही बरतने पर ब्लड बैंक की काउंसलर पर गाज गिरी, वहीं एक बगिया मां के नाम अभियान में गड़बड़ी करने वालों से राशि वसूलने का फरमान जारी किया गया।

**ब्लड बैंक काउंसलर पर गिरी गाज :** बैठक में रक्तदान शिविरों की प्रगति रिपोर्ट रखी गई, जिसे देखकर कलेक्टर श्री गुप्ता असंतुष्ट नजर आए। रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित परिणाम न मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने मौके पर ही ब्लड बैंक की काउंसलर पूजा रायकवार को लापरवाही का जिम्मेदार मानते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने और एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**पौधे नहीं तो पैसा वापस :** पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना एक बगिया मां के नाम की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत राशि निकाली है, लेकिन बगिया में पौधे नहीं रोपे गए हैं या पौधे जीवित नहीं हैं, उनसे तत्काल राशि की वसूली की जाए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में देरी पर भी चिंता जताई। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे केवल दफ्तर में न बैठें, बल्कि विकासखंड स्तर पर जाकर अधिकारियों की बैठक लें। तहसील स्तर पर आवेदनों की नियमित समीक्षा की जाए ताकि आम जनता की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान हो सके।

### इन मुद्दों पर भी हुआ मंथन

- **राजस्व मामले:** नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के प्रकरणों को पेंडिंग न रखने के निर्देश।
- **मतदाता सूची:** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग।
- **जल संरक्षण:** मिशन अमृत संचय के तहत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और जल जीवन मिशन की पूर्ण हो चुकी योजनाओं को पंचायतों को हैंडओवर करने को कहा गया।
- **कृषि:** उपसंचालक कृषि को नरवाई न जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने और वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के.आर. बडोले, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा, अरविंद चौहान सहित जिले के सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोगियों का जल तेल से किया उपचार

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को छैगांवमाखन तथा मूंदी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग पीड़ित मरीजों के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी ने बताया कि इन शिविरों में कुष्ठ के मरीजों का जल-तेल पद्धति से उपचार किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा किट एवं अन्य सामग्री मरीजों को नि:शुल्क प्रदान की गई। डॉ. पर्व तिवारी ने मरीजों को कुष्ठ रोग के कारण सुन्न हुए अंगों की समुचित देखभाल और जलतेल पद्धति से उपचार की सलाह दी।

## नर्मदा परिक्रमा पथ पर हो वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

खण्डवा। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आश्रय स्थलों पर व्यापक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये है। मंत्री श्री पटेल सोमवार को राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की भोपाल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता में अधिकारियों को परिक्रमा पथ पर प्रस्तावित पुल, पुलिया एवं ब्रिज के सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिये। बैठक में उन्होंने माँ नर्मदा के संरक्षण एवं विकास को जनभागीदारी से जोड़ने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

## नियमों पालन न करने वालों पर कार्रवाई, आबकारी एक्ट में 7 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन जिले में सघन कार्रवाई की । जिले के विभिन्न थानों द्वारा 1 गिरफ्तारी वारंट, 8 जमानती वारंट एवं 12 समंस की तामील की गई। वहीं थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, तीन सवारी, तेज गति, बिना सीट बेल्ट, बिना वैध बीमा एवं एचएसआरपी प्लेट जैसे मामलों में कुल 69 वाहन चालकों कार्रवाई की गई तथा । अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 7 आरोपियों के कब्जे से कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब एवं देशी मदिरा जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## मद्यपान निषेध दिवस पर शपथ दिलाई

**खंडवा।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में मद्यपान निषेध संकल्प दिवस मनाया गया। एनएसएस इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने युवाओं से मादक पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी विजय इंगले ने बताया कि इस अवसर पर निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में कु आयुषी सेन एवं पोस्टर मेकिंग में कु खुशी चौहान प्रथम रहीं।

कार्यक्रम में छात्रों, स्टाफ तथा वाहन चालक-परिचालकों को भी नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री का मुख्य आरोपी इमरान परियानी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** शहर की सम्यक गोल्ड कॉलोनी में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री मामले में मुख्य आरोपी कांग्रेस नेता इमरान परियानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से वह पांच दिनों से फरार था। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित डेढ़तलाई इलाके से तब दबोचा, जब वह सीमा पार कर महाराष्ट्र भागने की फिराक में था।



मामले का खुलासा 26 जनवरी की रात हुआ था, जब पुलिस ने सम्यक गोल्ड कॉलोनी के वीरान क्लब हाउस में छापा मारा। वहां अवैध रूप से सुतली बम बनाए जा रहे थे। मौके से पिकअप चालक अरबाज खान की गिरफ्तारी हुई, जिसने पूछताछ में फैक्ट्री के असली मालिकों—इमरान परियानी और उसके पार्टनर जितेंद्र उर्फ जीतू भाटी निवासी इंदौर—का नाम उगला। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री का सुपरविजन बैतूल निवासी नवीन यादव करता था, जिसे पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर 4 फरवरी तक रिमांड पर ले चुकी है। नवीन ने बताया कि बारूद को कॉलोनी के ही एक रिहायशी मकान में छिपाकर रखा जाता था। पुलिस अब इस मामले के फरार आरोपी और परियानी के पार्टनर जितेंद्र भाटी की तलाश कर रही है।

## देहदानी स्व. लायन महेश पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के माध्यम से सेवा कार्यों में सक्रिय रहे लायन्स क्लब खंडवा के पूर्व अध्यक्ष स्व. लायन महेश पटेल का उपचार के दौरान अहमदाबाद में निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा अनुसार अहमदाबाद में नेत्रदान किया गया तथा सोमवार को परिजनों की सहमति से खंडवा में देहदान संपन्न हुआ। भवानी माता रोड स्थित निवास पर पुलिस अधीक्षक मनोज राय के मार्गदर्शन में पुलिस टुकड़ी द्वारा स्व. महेश पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके पश्चात उनकी अंतिम यात्रा मेडिकल कॉलेज खंडवा के लिए निकाली गई। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों, विद्यार्थियों एवं समिति सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय दादू सहित अन्य चिकित्सकों ने देहदान को मेडिकल विद्यार्थियों का प्रथम गुरु बताते हुए परिजनों व समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

नारायण बाहेती ने बताया कि समिति के सहयोग से यह 22वां देहदान मेडिकल कॉलेज को किया गया। बड़ी संख्या में लायन्स, लियो, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# 14 वर्षीय दिव्यांग बालक को मिला सुरक्षित आश्रय

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में बाल संरक्षण तंत्र की संवेदनशीलता से 14 वर्षीय मानसिक रूप से दिव्यांग बालक को बाल कल्याण समिति के प्रयासों से उज्जैन स्थित सेवा धाम में स्थाई आश्रय दिलाया गया।

इस पहल में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख एवं विधायक कंचन तनवे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में विशेष किशोर पुलिस इकाई ने बालक को विधिवत बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया।




इससे पूर्व बालक को सर्किट हाउस के पास स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में दो दिनों तक अस्थायी संरक्षण दिया गया, जहां उसकी सुरक्षा, देखभाल और आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था की गई। पूरे प्रकरण में जिला बाल संरक्षण अधिकारी टीका सिंह बिल्लौरे, बाल संरक्षण अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह मंडलोई, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी सुनीता जोसफ, आरक्षक शर्मिला एवं धर्मेंद्र चौहान ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अहम भूमिका निभाई।

बाल कल्याण समिति के सदस्यों स्वप्निल जैन एवं रुचि पाटिल के विशेष प्रयासों से बालक को सेवा धाम उज्जैन में संरक्षण, उपचार और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष न्यायपीठ प्रवीण शर्मा ने सेवा धाम उज्जैन के अधीक्षक एवं संचालक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तत्काल मानवीय संवेदना के साथ बालक को स्वीकार करना सराहनीय कदम है। प्रशासन, पुलिस और समाज के समन्वय से ही असहाय बच्चों को सुरक्षित भविष्य मिल सकता है।